# ओ खाटू वाले बाबा मुझे तेरा आसरा है भजन लिरिक्स

ओ खाटू वाले बाबा,
मुझे तेरा आसरा है,
तुझ बिन बता सांवरिया,
मेरा कौन सहारा है,
ओ खाटु वाले बाबा,
मुझे तेरा आसरा है।bd।

तर्ज – मेरा आपकी कृपा से।

---

जग रंग मंच है ये,
किरदार हैं अनेको,
जब वक़्त आये छोटा,
इन्हें आजमा के देखो,
ढूंढे नही ये मिलते,
सब करते किनारा हैं,
ओ खाटु वाले बाबा,
मुझे तेरा आसरा है।bd।

---

उंगली पकड़ के चलना,
जिनको कभी सिखाया,
मेरे घर को देख जलता,
हर शख्श मुस्कुराया,
फिर देख कर के कहते,
ये कैसा बेचारा है,
ओ खाटु वाले बाबा,
मुझे तेरा आसरा है।bd।

---

जिन पर मुझे यकीं था,
ठोकर उन्ही से खायी,
अब श्यामकृपा पाकर,
जीवन मे खुशियां छाई,
गोपाल श्याम भज ले,
ये नाम पियारा है,
ओ खाटु वाले बाबा,
मुझे तेरा आसरा है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ओ खाटू वाले बाबा,
मुझे तेरा आसरा है,
तुझ बिन बता सांवरिया,
मेरा कौन सहारा है,
ओ खाटु वाले बाबा,
मुझे तेरा आसरा है।bd।

गायक एवं प्रेषक – मनदीप जांगडा
**9893496946**
रचना – हेमन्त गोयल “श्यामकृपा”

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com